**महाराष्ट्र को बाण्ड जारी करने के लिए अनुमति का दिया जाना**

2675. **श्री विश्वासराव रामराव पाटिल:** क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि महाराष्ट्र-सरकार ने राज्य की सिंचाई परियोजनाओं को पूरा करने के लिए धनराशि एकत्रित करने हेतु खुले बाजार में चार हजार करोड़ रुपए मूल्य के बाण्ड जारी करने के लिए केन्द्रीय सरकार से अनुमति मांगी है; और

(ख) यदि हां, तो इस संबंध में सरकार द्वारा कब तक स्वीकृति प्रदान की जायेगी?

**वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री रामेश्वर ठाकुर):** (क) जी, नहीं।

(ख) प्रश्न नहीं उठता।

**Water Supply problem in IDBI Quarters at Ghatkopar**

2676. SHRI SATYA PRAKASH MALAVIYA: Will the Minister of FINANCE be pleased to state:

(a) whether it is a fact that there is shortage of water supply in the IDBI residential colony at Ghatkopar, Bombay; and

(b) if so, what steps are being taken by IDBI to find a permanent solution to the problem and provide 24 hours water supply?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF FINANCE (SHRI DALBIR SINGH): (a) No, Sir.

(b) Does not arise.

**मुख्य आयकर आयुक्त, बिहार के विरुद्ध भ्रष्टाचार के आरोप**

2677. **श्री राम अवधेश सिंह:** क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि लगभग छः संसद-सदस्यों ने 28 सितम्बर, 1991 को भारत सरकार के वित्त मंत्री को बिहार अंचल के मुख्य आयकर आयुक्त के विरुद्ध भ्रष्टाचार की शिकायतों के संबंध में एक पत्र लिखा था;

(ख) क्या वित्त मंत्री ने उक्त पत्र में लगाए गए आरोपों की जांच कराई है; यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है; और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं; और

(ग) जांच कार्य के पूरा हो जाने के पश्चात् सरकार उपर्युक्त अधिकारी के विरुद्ध क्या कार्यवाही करेगी?

**वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री रामेश्वर ठाकुर):** (क) श्री राम शरण यादव, संसद सदस्य, लोक सभा ने चार अन्य हस्ताक्षरकर्त्ताओं सहित दिनांक 24 सितम्बर, 1991 को वित्त मंत्री जी को एक पत्र लिखा था जिसमें मुख्य आयकर आयुक्त, पटना के खिलाफ कतिपय आरोप लगाए गए हैं।

(ख) इन आरोपों की जांच-पड़ताल की गई है और यह पाया गया कि ये आरोप सिद्ध नहीं हो सके हैं।

(ग) भाग (ख) के उत्तर को देखते हुए आगे और कोई कार्यवाही किए जाने का प्रस्ताव नहीं है।

**Smuggling in Kutch District**

2678. SHRI ANANTRAY DEVSHANKER DAVE: Will the Minister of FINANCE be pleased to state:

(a) whether it is a fact that some persons were arrested in Kutch District for smuggling activities in the month of October, 1991;

(b) if so, whether any Pakistani National has been arrested; and

(c) what quantity of gold has been found from them?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF FINANCE (SHRI RAMESHWAR THAKUR): (a) to (c) Available reports indicate that no person was arrested by the Customs authorities in the month of October, 1991 in Kutch District.

However, 70 foreign market Gold biscuits were recovered by the Border Security Force from the Kala-Dunger Area Near Khavda (in Kutch District) on 29.10.1991. Another Similar Gold biscuit was recovered from the same area on 8.11.1991. In the follow up action, the Customs have arrested one person of village Mota on 19.11.1991. No Pakistani national has been arrested in this case.